
सार-समाचार

## शिव महापुराण कथा का शुभारंभ




**उदयपुर,** (कासं)। श्याम सखी मण्डल की ओर से टेकरी चोराहा स्थित श्री राज राजेश्वर मन्दिर मे मंगलवार को मध्यान्ह पश्चात शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया। मिडिया प्रभारी डॉ.बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि 8 से 14 जुलाई तक दोपहर 2 से 5 बजे तक होने वाली कथा मे प्रथम दिन व्यासपीठ से आदि वृन्दावन धाम कामवन के श्रृदेय पवन महाराज ने शिव महापुराण के माहात्म्य और सावन मास मे कथा विशेष फलदायी क्यो होती है,बताया। इससे पूर्व बालाजी मंदिर परशुराम चोराहे से गाजे बाजे लवाजमे के साथ पवन महाराज के सानिध्य मे महिलाऐ लाल वेश-भूषा मे सिर पर कलश धारण किये शिव भजनो के साथ कथा स्थल टेकरी चोराहा मन्दिर तक लेकर आये। जहां मुख्य यजमान महेंद्र सिंह केमिता राठौड एंव हरिशंकर मंजू ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर शिव महापुराण तथा महाराज को व्यासपीठ पर विराजमान करा उपरणा माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी एंव गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## एसडीएम को सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**कपासन,** (निसं)। कपासन में नगर पालिका द्वारा केबिन और लारी व्यवसायियों को हटाए जाने के विरोध में स्ट्रीट वेंडर्स ने सोमवार को एसडीएम राजीव सुहालका को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। भवानी शंकर लोहार के अनुसार, नगर पालिका ने बिना किसी पूर्व सूचना के कई केबिन व्यवसायियों को जबरन हटा कर तोड़ दिया। व्यवसायियों ने मांग की है कि जिनका व्यवसाय हटाया गया है, उन्हें पुनः उचित स्थान दिया जाए। साथ ही वर्तमान में कार्यरत केबिन और लारी व्यवसायियों को न हटाया जाए। व्यवसायियों का कहना है कि वे भारत सरकार की स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने मांग की है कि सभी को इस योजना का लाभ मिले और क्योस्क योजना के तहत दुकानें उपलब्ध कराई जाएं। यदि किसी व्यवसायी को हटाना आवश्यक हो, तो पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।व्यवसायियों ने प्रशासन को 7 दिन का समय दिया है समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस सचिव मांगीलाल बैरवा, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव मोहनलाल गाडरी, नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव गुड्डू खान पठान, नगर कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष भवानी शंकर लोहार, नगर कांठोस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिरोया, श्याम लाल लोहार, रमेश चंद्र भांड, जमनालाल कच्छावा, मस्जिद खान भिश्ती छगनलाल, मंजूर खान, रईस मोहम्मद, सद्दाम हुसैन , दिलावर, शराफत खान, इकबाल हुसैन, रामलाल मेघवाल, अयूब खान, कुलवंत सिंह समेत नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारी और कई स्थानीय नेता मौजूद थे।

## डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी सम्मानित



**उदयपुर,** (कासं)। ० उत्तर प्रदेश स्थित वर्दी वेलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा विद्यापीठ के डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में रिसर्च के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए से सम्मानित किया है। इस अवसर पर ट्रस्ट की संस्थापक व निदेशक मानसी बाजपेयी ने बताया कि डॉ. छतलानी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान के क्षेत्र में जो समर्पण, नवाचार और विशेषज्ञता दिखाई है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उनका शोध कार्य न केवल तकनीकी जगत को नई दिशा दे रहा है, बल्कि युवाओं को भी अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित कर रहा है। फाउंडेशन की सीईओ सौम्या ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. चंद्रेश के अद्भुत कार्यों और उनके भविष्य की उन्नति हेतु की गई प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। उन्होंने जिस प्रकार एआई की सीमाओं को आगे बढाया है, वह एक बेहतर तकनीकी भविष्य की ओर सार्थक कदम है। डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी वर्तमान में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में कार्यरत हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग एवं इन्टरनेट ऑफ थिंग्स के क्षेत्र में शोधरत हैं।

## सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया,** (निसं)। लोकसभा याचिका समिति के दौरे के अंतर्गत याचिका समिति के अध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में छह सांसदों की टीम ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। जिसमें सांसद सीपी जोशी, सांसद कमलजीत, सांसद अभय कुमार, सांसद राजमोहन, सांसद मंजू शर्मा, सांसद एंथनी थे। मंदिर पुजारी ने सभी सांसदों को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। सांवलिया जी मंदिर मंडल की ओर से मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने सभी सांसदों का उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, किशन लाल अहीर, रामलाल गुर्जर, हरिराम गाडरी, भाजपा कार्यकर्ता रमेश वैष्णव, कंवर लाल गुर्जर आदि उपस्थित थे।

## विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**उदयपुर,** (कासं। उदयपुर शहर में गुरूवार को इन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पांच घंटे बंद रहेगी। जानकारी के अनुसार शहर के मनवाखेड़ा, एकलिंगपुरा, हनुमान स्टोन रोड़, बालाजी नगर, करनी नगर, ए वन कॉम्प्लेक्स, काशीपुर, बीएसएनएल कॉलोनी, जल विहार कॉलोनी, त्रिमुर्ति कॉम्प्लेक्स, शुभम कॉम्प्लेक्स, देवकृति अपार्टमेंट, एकलिंगपुरा चौराहा, एकलिंगपुरा, कलड़वास, झामरकोटड़ा रोड़, आनंद कॉम्प्लेक्स, वाटर वर्क्स, कानपुर खेड़ा, वेसा मगरी, पारा खेत, केसरपुरा, रानी की बावड़ी क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत कटौति रहेगी।

# मोहर्रम मुद्दे पर हस्तक्षेप के लिए सांसद का जताया आभार

**राजसमंद,** (निसं)। स्थानीय सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित कर आम जन की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान कुंभलगढ क्षेत्र से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पदाधिकारी केलवाडा प्रमुख रजनीश जोशी और गोपाल जोशी सहित अन्य आरएसएस कार्यकर्ताओं ने सांसद से भेंट कर कुंभलगढ किले पर मोहर्रम आयोजन से जुडे विवाद के सफल समाधान के लिए आभार प्रकट किया। गत सप्ताह जब इस विषय को लेकर

■ सांसद ने सुनीं जन समस्याएं, समाधान करने के दिए निर्देश



सांसद कार्यालय में आए लोगों की समस्याएं सुनती सांसद महिमा कुमारी।

कार्यकर्ता प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से मुलाकात की थी, तब सांसद ने तत्क्षण केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से वार्ता की और आवश्यक हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। साथ ही सांसद ने कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहते हुए स्थिति पर निगरानी बनाए रखी, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहा। इस दौरान सांसद ने कहा मेवाड का इतिहास 36 कौमों को साथ लेकर चलने का रहा है और आज भी हम उसी परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं। समस्याओं का हल बातचीत से संभव है, न कि धरना प्रदर्शन से। वर्तमान में राज्य एवं केंद्र दोनों ही स्थानों पर भाजपा सरकार है, इसलिए विरोध का रास्ता उचित नहीं है। सरकार जनता की है और संवाद से हर समाधान संभव है। जनसुनवाई में कई अन्य विषय भी सामने आए, जैसे अतिक्रमण की शिकायतें, महिला सशक्तिकरण के मुद्दे आदि जिन पर सांसद ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजसमंद झील को भरने वाली खारी फीडर की सफाई का मुद्दा भी उठा। सांसद ने कलेक्टर से वार्ता कर खारी फीडर की सफाई के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# संपर्क पोर्टल पर लंबित प्ररकणों का हो निस्तारण : एडीएम

**उदयपुर,** (कासं)। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को कलक्ट्रेट मिनी सभागार में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में एडीएम श्री राठौड़ ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी, श्रम, मत्स्य, खेल, अल्पसंख्यक, सहकारिता, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा, आयुर्वेद आदि विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में अद्यतन सूचना लेते हुए



साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़।

आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम प्रशासन ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि सुधीर वर्मा, उपनिदेशक उद्यानिकी कैलाशचंद्र शर्मा, उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ राजीव भट्ट, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना, उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति लोकेश जोशी, जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी खुशबू शर्मा, सहायक वन संरक्षक सुरेखा चौधरी, सहायक निदेशक मत्स्य दीपिका पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेशनरी बांटी

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सर्वशक्ति फाउंडेशन की ओर से जब घाटोल तहसील के दूरदराज के गांव भंवरकोट में जब बच्चों को स्टेषनरी वितरित की गयी तो उनके चेहरे खिल उठे वहीं टीवी कलाकार रितु चौहान ने गीतों के माध्यम से बच्चों के उत्साह को दुगुना कर दिया। चौहान ने बच्चों को हर परिस्थिति में खुष रहने के गूर भी सिखाये। बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य ष्याम कुंवर ने विद्यार्थियों को गुड टच व बेड टच के बारे में प्रायोगिक जानकारी दी। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवानिवृत सहायक निदेषक नैना जैन ने बच्चों को साफ-सफाई, बडो का आदर करने और जीवन को अनुषासित बनाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका मनीता राव एवं अध्यापक राकेष बुनकर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि स्कूल भवन का निर्माण हो रहा है यहां बच्चें अभाव में जी रहे हैं लेकिन उनकी पढ़ने की ललक तारीफे काबिल है।

## आवासीय और कॉमर्शियल प्लॉट की होगी नीलामी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर विकास प्राधिकरण(यूडीए) उदयपुर में आवासीय और व्यवसायिक भूखंडों की योजना लेकर आया है। इसके तहत भूखंडों की ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। नीलामी में प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं और राजस्व ग्रामों के 57 आवासीय भूखण्ड,22 व्यवसायिक भूखण्ड एवं 3 शॉप को शामिल किया गया है।

यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि इस नीलामी में भाग लेने के लिए 14 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे तक आनॅलाइन पंजीयन करा कर सकते है। 14 जुलाई की शाम 4 बजे तक धरोहर राशि ऑनलाइन जमा कराई जा सकती हैं।कमिश्नर ने बताया कि सभी भूखंडों के लिए अमानत राशि जमा कराने के साथ भूखंडों की नीलामी बोली लगना शुरू जाती है। नीलामी में अधिकतम बोली के बोलीदाता को 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जबकि सामान्य रूप से 35 प्रतिशत जमा कराए जाने के लिए 120 दिवस एवं 50 प्रतिशत राशि का भुगतान करने के लिए 180 दिवस का समय दिया गया हैं।

जैन ने बताया कि उदयपुर विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया,साइट प्लान व भूखंडों की भौगोलिक स्थितिए नीलामी की प्रभावी शर्ते और दिशा निर्देश प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

# जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक

**राजसमंद,** (निसं)। जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर समीक्षा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने ग्रामीण और शहरी जल परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, हैण्डपम्पों की मरम्मत, एफएचटीसी कनेक्शनों की प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर पीएचईडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

हसीजा ने कहा कि जल के क्षेत्र में राजसमंद का भविष्य उज्ज्वल है, जरूरत है कि सरकार की मंशा अनुसार सभी पेंडिंग कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो। इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से ग्राउंड पर मॉनिटरिंग कर सुनिश्चित करें कि काम क्वालिटी के साथ तय पर पूर्ण हो। अनावश्यक रूप से एक्सटेंशन नहीं दिया जाए और कॉन्ट्रेक्टर्स को समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए पाबंद किया जाए। बैठक में बाघेरी का नाका बांध आधारित प्रोजेक्ट, भीम-देवगढ-चम्बल आधारित परियोजना, जाखम बांध आधारित परियोजना, वृहद परियोजनाओं के अलावा अन्य परियोजनाओं, डीएमएफटी के कार्यो सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस परियोजना पर प्रोजेक्ट डिवीजन मॉंडलगढ के अंतर्गत कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। एसई रामावतार सैनी ने बताया कि जिले में 15 अगस्त 2०19 को हर घर नल से जल

■ बाघेरी नाका, चिकलवास, जाखम व चम्बल सहित सभी परियोजनाओं का जाना हाल

का कवरेज 29.7० प्रतिशत था, जो 3० जून 2०25 तक बढ कर 65.54 प्रतिशत हो गया है। इसमें सर्वाधिक कवरेज देलवाडा में 91.91 प्रतिशत है। वहीं जिलेभर में देखें तो 3०० गांवों को शत प्रतिशत हर घर नल से जल से जोडा जा चुका है।

इस पर जिला कलक्टर ने शेष ग्रामीण घरों में भी जल्द से जल्द लंबित कार्य पूर्ण करते हुए नल से जल का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर घरों में नल से जल की प्रगति, वर्क ऑर्डर के बाद हुए कनेक्शनों का विवरण, हर घर जल योजना के तहत जिले के ब्लॉकवार कवरेज, स्कूल, आंगनबाडी, ग्राम पंचायत भवन, पीएचसी और अन्य संस्थानों में कवरेज की समीक्षा की गई। हैण्डपम्पों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि शहरी क्षेत्र में कुल 748 हैण्डपम्प स्थापित हैं, जिनमें से 12 नकारा, 23 सूखे और 713 कार्यशील हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 14 हजार 326 हैण्डपम्प हैं, जिनमें से 2 हजार 377 नकारा/सूखे और 11 हजार 949 कार्यशील हैं। हैण्डपम्प मरम्मत अभियान के तहत शहरी क्षेत्र में खराब पाए गए 739 हैण्डपम्पों में से 729 की मरम्मत कर कार्यशील किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में खराब पाए गए 11 हजार 351 हैण्डपम्पों में से 11 हजार 331 की मरम्मत पूर्ण कर चालू किया जा चुका है। बैठक में जल संकट से निपटने के लिए किए गए आकस्मिक कार्यो की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

कलक्टर ने जल परियोजनाओं की त्वरित पूर्णता के लिए समन्वयात्मक कार्य योजना पर बल दिया तथा निर्धारित समय.सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एवीवीएनएल एसई बीएस शर्मा, सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल, पीएचईडी एक्सईएन दीपक सिंघल, एक्सईएन लोकेश सैनी, एक्सईएन धर्मराज बैरवा, एक्सईएन मॉनिटरिंग मनीष जैन, एक्सईएन लखनलाल मीणा, हाइड्रोलॉजिस्ट संदीप जैन सहित जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, एईएन और संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

सार-समाचार

## कलक्टर ने किया शिविर का निरीक्षण

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चरकनी में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर स्थल पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कलक्टर ने अधिकारियों को शिविर में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान होना चाहिए। निरीक्षण के पश्चात कलक्टर ने चरकनी एवं गांगड़तलाई परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बसेर, विकास अधिकारी भरत नाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राहत पाकर खिले चेहरे

**उदयपुर,** (कासं)। पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा आमजन के जीवन में खुशियों की बहार लेकर आया है। अभियान के तहत आयोजित शिविरों में आमजन को हाथों हाथ राहत मिल रही है। अभियान के तहत मंगलवार को गिर्वा के जाबला व बारा, कुराबड के सुलावास व सेमाखेडा, बड़गांव में वाटी, कडिया, मावली में बोयणा, साकेरिया खेडी, व सालेराकलां, घासा में धुणीमाता, वल्लभनगर में अडिण्दा व मोडी, भीण्डर में धावडिया व केदारिया, गोगुन्दा में वास व वीरपुरा, सायरा में सुआवतो का गुडा व तरपाल, झाडोल में थाबावाडा, ओडा , उपरेटा, रोहीमाला, फलासिया में मादडी मादला, खटीकमदी, खेरवाड़ा में बन्जारिया, खैरवाडा, नयागांव में झांझरी, ऋषभदेव में सोमावत व श्यामपुरा तथा कोटड़ा ब्लॉक में भूतवड, उखलियात, डांग, पीपलीखेडा, चांपा की नाल व मेवाडों का मठ में शिविर आयोजित हुए। जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने शिविर स्थलों पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपखण्ड क्षेत्र गोगुन्दा अंतर्गत सायरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तरपाल में आयोजित शिविर में मनोहर सिंह पिता दुले सिंह को हाथों हाथ पट्टा मिलने से उसके चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। शिविर में मनोहरसिंह ने परिवेदना प्रस्तुत की। इसमें बताया कि प्रार्थी ने पट्टे के लिए 1 माह पूर्व आवेदन किया गया था परन्तु प्रार्थी को पट्टा प्राप्त नहीं हुआ जिससे प्रार्थी को कई समस्या का सामना करना पडा। शिविर प्रभारी महीप सिंह जागावत के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए मनोहर सिंह को हाथो हाथ पट्टा जारी किया ।

## विकसित भारत के लिए श्रमिक प्रशिक्षण

**उदयपुर,** (कासं)। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड, सूचना केंद्र सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजस्थान सरकार तथा सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत के तहत श्रमिक प्रशिक्षण मंगलवार को आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा ने विभिन्न श्रम कानूनों एवं विधिक सेवाओं की जानकारी देते हुए श्रमिकों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। क्षेत्रीय निदेशक पुनीत गौतम ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में श्रमिक वर्ग की भी महती भूमिका है। इसके लिए श्रमिक वर्ग को संबल प्रदान करते हुए सशक्त बनाने की आवश्यक है। इसी क्रम में प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जग विद्या ट्रस्ट से जगदीश राज श्रीमाली ने मजदूर हेतु श्रमिक कानूनों का ब्यौरा दिया व मजदूर प्रशिक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सौरभ गुप्ता ने किया।

## जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई

**उदयपुर,** (कासं)। विद्युत निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार एकलिंगपुरा पॉवर हाउस की विद्युत आपूर्ति आवश्यक कार्य के चलते बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। इससे वाटर वर्क्स फीडर तथा कलड़वास फीडर की आपूर्ति बाधित रहेगी।उक्त विद्युत व्यवधान होने के कारण नगर उपखंड सप्तम से उक्त क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित रहेगी एवं एक दिन आगे बढ़ाई जाती है। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि कलड़वास गांव, केसरपुरा, दीवाली मगरी, वेसा मगरी, पावन वैली, पावन पुरी, अरिहंत विहार, जतिन आई टी आई, जोयडा श्याम नगर, रानी जी की बावडी, तलावा, पाराखेत, वाटर वर्क्स के कनेक्शन, कानपुर खेड़ा, मयूर वैली, कार्तिक नगर एवं एकलव्य एकेडमी क्षेत्र की जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है।


राजस्थान सरकार
(जल संसाधन विभाग)

क्रमांकः 08/भू0अ0/ ज0स0/2023/900 दिनांक-2.6.2025

घोषणा

चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ Construction of Dewas-III & IV Dams Additional Water for USS Udaipur परियोजना में आने वाली भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह घोषणा की जाती है कि संलग्न सूची में वर्णित भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।
यह घोषणा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-19 के प्रावधानुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जिनका इससे सम्बन्ध हो, जारी की जाती है तथा भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) गोगुन्दा को कथित भूमि की अवाप्ति के निमित्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया जाता है।
भूमि के नक्शे का निरीक्षण भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) गोगुन्दा तथा अधिशाषी मोहनलाल सुखाड़िया देवास जल उपवर्तन खण्ड, उदयपुर के कार्यालय में किया जा सकता है। विवरण सलग्न सूची के अनुसार। संलग्नः- सूची।

(मुकेश कुमार गुप्ता) उप सचिव एवं प्रावै.
सहायक वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन राजस्थान जयपुर।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
मोहनलाल सुखाड़िया देवास जल उपवर्तन खण्ड, उदयपुर

Construction of Dewas-III & IV Dams Additional Water for UWSS Udaipur परियोजना के लिए धारा 19 के तहत राजस्थान राजपत्र ज्येष्ठ 27, मंगलवार, शाके 1947 - जून 17,2025 को कार्यालय मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग राजस्थान जयपुर के क्रमांक संख्याः 08/ भू.अ./ज.स./2023/900-904 दिनांक जून 02, 2025 के क्रम में प्रकाशन किया गया । परियोजना भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-19 हेतु राजस्थान राजपत्र के प्रकाशन हितकारी / प्रभावित होने वाले भूमिधारको की सूची नीचे नियमानुसार क्यू आर कोड (QR Code) में प्रकाशित किया जा रहा है।

अधिशाषी अभियन्ता-मोहनलाल सुखाड़िया देवास जल उपवर्तन खण्ड, उदयपुर

DIPR/C/8921/2025


## काव्य गोष्ठी आयोजित

**उदयपुर,** ०(कासं)। उदयपुर की विश्व प्रसिद्ध झील फतेहसागर पर लिखी मेरी झील नामक कविता के रचयिता विश्व प्रसिद्ध, कवि, साहित्यकार एवं पूर्व आईएएस अधिकारी मनोज शर्मा के सम्मान में तनिमा साहित्यिक संस्थान की ओर से एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रबुद्ध कवि एवं साहित्यकार सम्मिलित हुए। समारोह का संचालन शकुंतला सरूपरिया ने किया। अध्यक्षता श्याम रावत ने की। मनोज शर्मा ने अपनी कुछ कविताओं सैनिक शहीद की मां का संदेश चाहे स्टेडियम में तालियां बजे या ना बजे सुनाई। उम्र से आग्रह कविता में वे लिखते हैं कि एक छोटा आग्रह है तुझसे, ये मेरा यौवन मत लेना, उम्र मैं तुझसे रुष्ट नहीं हूं, जो तेरा आभार न मानूं मैं उतना भी दुष्ट नहीं हूं का सभी ने भरपूर आनंद लिया। शकुंतला सरूपरिया ने कविता "बेटिया", अरुण सनाढ्य ने गजलों से गोष्ठी में रंग जमाया।

# देश का हर व्यापारी,देश का गौरव : खंडेलवाल

**उदयपुर,** (कासं)। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उदयपुर चैप्टर मेन विंग की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को मार्बल एसोसिएशन भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देशभर के कई विशिष्ट अतिथि और शहर के प्रमुख व्यापारी शामिल हुए।

मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज गंगवाल ने मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय महासचिव एवं नई दिल्ली चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खण्डेलवाल का स्वागत किया। कैट दिल्ली उपाध्यक्ष रंगीत खारी,कैट दिल्ली सचिव आशीष ग्रोवर,पी आर एवं सोशल मीडिया कैट नेशनल स्मृति आहूजा,कैट राजस्थान के एक्जीक्यूटिव अध्यक्ष मनोज गोयल, विमेन विंग उदयपुर अध्यक्ष एवं मेवाड

■ राष्ट्रीय संगठन कैट उदयपुर चैप्टर मेन विंग का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलुंडिया, सचिव डॉ सोनू जैन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम कैट संरक्षक मनीष गलुंडिया ने केट परिचय देते हुए उनके संगठनात्मक कार्यों को सराहा। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में मनीष गलुंडिया संरक्षक एवं मेवाड रीजन प्रभारी, दिनेश चौरडिया को अध्यक्ष,आशिष छाबडा को उपाध्यक्ष, महेन्द्र तलेसरा को सचिव,राजेश अग्रवाल को सह.सचिवए आशीष जैन को कोषाध्यक्ष तथा कमलेश तलेसरा,गिरिश माहेश्वरी, दीपक दया,अभिनव मेहता,अरुण वया, वरुण सुराना व आशुतोष मजूमदार को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। प्रवीण खंडेलवाल ने कैट उदयपुर चैप्टर की नई कार्यकारिणी को अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।अध्यक्षीय स्वागत भाषण दिनेश चौरडिया ने दिया और भावी कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। विजयलक्ष्मी गलुंडिया ने महिला विंग की गतिविधियों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि मनोज गोयल ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रवीण खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा ष्देश का हर व्यापारी, देश का गौरव है, चाहे वह छोटा हो या बडा। व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ हैं।

## परिवहन विभाग ने आमंत्रित किए आवेदन

**उदयपुर,** (कासं)। परिवहन विभाग ने राज्य के 476 राष्ट्रीयकृत मार्गो पर निजी वाहन संचालकों के मंजिली यात्री वाहनों को कुल 2261 अनुज्ञापत्र एवं 10190 सेवाएं स्वीकृत किये जाने हेतु स्कॉप निर्धारित करते हुए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि अधिसूचना में वर्णित मार्गों पर निर्धारित स्कॉप के अनुसार रिक्तियों के लिए अनुज्ञापत्र स्वीकृत किए जाने के लिए रिक्तियों का विस्तृत विवरण, निर्धारित मॉडल कण्डीशन, अन्य आवश्यक शर्ते, आवेदन पत्र का प्रारूप, प्राथमिकता का आधार एवं आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों की चेक लिस्ट का विवरण परिवहन विभाग की वेब साईट पर उपलब्ध है। सुविधा के लिए उदयपुर कार्यालय में भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने विभाग द्वारा तय की गई मुख्य मुख्य शर्तो का उल्लेख करते हुए बताया कि इन अधिसूचित मार्गो पर अनुज्ञापत्र स्वीकृति हेतु वाहन का दिनांक 1 जनवरी 2025 या उसके पश्चात् का आवेदक के नाम का पंजीकरण एवं वाहन का बीएस-6 मानकों के अनुसार होना आवश्यक है। इन मार्गो पर जारी होने वाले अनुज्ञापत्र का जारी होने की तिथि से 2 कलैण्डर तक हस्तान्तरण या प्रतिस्थापन भी नहीं हो सकेगा। इसके अलावा आवेदक एक वाहन पर एक अथवा एक से अधिक अधिसूचित या गैर अधिसूचित मार्गो के लिए अनुज्ञापत्र प्राप्त कर सकेंगे।


कार्यालय ग्राम पंचायत सरादित ,पंचायत समिति फलासिया, जिला उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:- ग्रा.पं./2025-26/SPL-02 दिनांक-04.07.2025

-:ई निविदा सूचना-/2025-26 :-

ग्राम पंचायत सरादित में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 14.07.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZUD2526GLOBO1160

epro ID.2025-PRD-485309-1

प्रशासक
ग्राम पंचायत सरादित
पं.स. फलासिया
जिला-उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सरादित
पं.स. फलासिया
जिला-उदयपुर ( राज. )